अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए लकी साबित हुआ लॉकडाउन!

बेस स्लैब का ७० फीसदी हुआ काम

सुजीत गुप्ता / मुंबई

मुंबई की बहुप्रतीक्षित अंडरग्राउंड मेट्रो परियोजना के लिए लॉकडाउन लकी साबित हुआ है। लॉकडाउन के दौरान ट्रैफिक की समस्या न होने के कारण मेट्रो टनलिंग की खुदाई के साथ-साथ मेट्रो स्टेशन के बेस स्लैब का काम तेजी से हुआ। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के अनुसार अब तक बेस स्लैब का ७० फीसदी काम पूर्ण कर लिया गया है।

३ स्टेशनों के काम ने भी पकड़ी रफ्तार

अंडरग्राउंड मेट्रो के कुछ स्टेशन के बेस स्लैब का निर्माण कार्य ट्रैफिक के कारण धीमी गति से चल रहा था। हालांकि लॉकडाउन के दौरान ट्रैफिक की समस्या न होने से स्टेशनो के बेस स्लैब के निर्माण कार्य में तेजी आई। एमएमआरसीएल के मुताबिक मुंबई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के बेस स्लैब का ५१ फीसदी, वरली का ६९ फीसदी और धारावी मेट्रो के बेस स्लैब का काम ७९ फीसदी तक पूरा हो चुका है। जबकि इस परियोजना का ७० फीसदी बेस स्लैब का काम अब तक पूरा हो चुका है।

८५ फीसदी से अधिक टनलिंग का काम पूरा

५५ किमी लंबे टनल में से करीब ८५ प्रतिशत टनल तैयार हो गई है। पूरे मार्ग पर खुदाई का करीब ८५ फीसदी काम हो चुका है। मेट्रो रेल मार्ग के साथ ही स्टेशनों का काम भी तेजी से चल रहा है। एमआईडीसी स्टेशन का ७१ प्रतिशत, मरोल नाका स्टेशन का ६७ प्रतिशत, विधानभवन स्टेशन का ६५ प्रतिशत और सीप्ज स्टेशन का काम का ५८ प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। एमएमआरसीएल ने ट्रैक बिछाने के काम के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी कंस्ट्रक्शन) के साथ पहले ही करार कर लिया है।

२८ टनल तैयार

३३ किमी लंबे कॉरिडोर के मार्ग पर कुल ३२ टनल तैयार होनी है। टीबीएम मशीन की सहायता से ३२ में से २८ टनल तैयार करने का काम पूरा हो गया है। एमएमआरसीएल ने आगामी कुछ महीनों में टनल निर्माण का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।